हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 70 देहरादून, मंगलवार, 03 सितंबर, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



योजनाओं के क्रियान्वयन में जनभागीदारी आवश्यक : आनन्द बर्द्धन 3

# मुख्यमंत्री धामी ने बुलाई प्रदेश की कानून व्यवस्था पर हाई लेवल मीटिंग : दिए निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





देहरादून , 3 सितंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में शासन के उच्चाधिकारियों एवं बीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस महानिदेशक सहित आयुक्तों, उपपुलिस महानिरीक्षको, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के साथ प्रदेश की कानून व्यवस्था की गहनता से समीक्षा की।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को प्रदेश की कानून व्यवस्था को चुश्त, दुरूस्त बनाने तथा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के सख्त निर्देश दिये। प्रदेश में ज्वेलरी दुकानों पर डकैती सहित अन्य अपराधों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये अधिकारियों का आपसी समन्वय बनाने, सूचनाओं के त्वरित संप्रेषण, इंटेलिजेंश व्यवस्था को प्रभावी बनाये जाने, रात्रि पेट्रोलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने पर ध्यान देने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को किसी भी आपराधिक घटना को ससमय ब्रिफिंग किये जाने के निर्देश देते हुए इसकी जानकारी सूचना महानिदेशक को भी अविलम्ब उपलब्ध कराये जाने को कहा, ताकि घटनाओं की वास्तविक स्थिति मीडिया के माध्यम से आमजन तक पहुंचे। उन्होंने मीडिया से निरन्तर समन्वय बनाये रखने को कहा। उन्होंने महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर नियंत्रण के लिये गौरा शक्ति एप को और अधिक सक्रिय बनाये जाने पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण, लव जिहाद आदि मामलों में कानून होने के बावजूद इस पर रोक न लगना चिन्ता का विषय है, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने प्रदेश में अपराध कहां बढ रहे हैं और क्यों बढ रहे हैं इस पर भी चिन्तन की जरूरत बताई। डेमोग्राफिक चेंज की समस्या के समाधान के लिये भी संबंधित सभी एजेंसियों के मध्य समन्वय पर ध्यान देने के निर्देश भी उन्होंने दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड बाहरी प्रदेशों के अपराधियों की शरणगाह न बनें इसके लिये सीमावर्ती क्षेत्रों में निरन्तर सघन चेकिंग अभियान संचालित किया जाय। अपराधियों के मन में पुलिस का भय तथा आमजन का पुलिस के प्रति भरोसा बढे यह सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने किरायेदारों तथा बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन पर भी ध्यान देने के निर्देश देते हुए मदरसों व अन्य शिक्षण संस्थाओं में पढ रहे बच्चे राज्य के नागरिक कैसे बनाये जा रहे हैं, इस पर भी ध्यान देने को कहा।

मुख्यमंत्री ने हरिद्वार में हुए ज्वैलरी दुकान डकैती के प्रकरण में एसपी सिटी की अध्यक्षता में जांच समिति गठित किये जाने के निर्देश देते हुए कहा कि इस प्रकरण में जो भी जिम्मेदार होगा उसके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने उत्तराखण्ड को 2025 तक नशा मुक्त प्रदेश बनाने के लिये भी प्रयासरत रहने तथा सामुदायिक पुलिसिंग पर ध्यान देने पर बल दिया।

प्रदेश में अपराधों पर नियंत्रण के लिये क्या बेहतर किया जा सकता है इस पर भी चिन्तन किये जाने की जरूरत मुख्यमंत्री ने बतायी। शिकायतों के त्वरित निस्तारण तथा अधीनस्थों के साथ अधिकारियों का सरल व्यवहार व क्षेत्रवाद की भावना से दूर रहने पर भी उन्होंने बल दिया। साइबर क्राईम पर प्रभावी रोकथाम के लिये जन जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं।

बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूडी, प्रमुख सचिव आर.के.सुधांशू, सचिव शैलेश बगोली, विनय शंकर पाण्डेय, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, ए.डी.जी. ए.पी.अंशुमन, आई.जी. के.एस. नगन्याल, विशेष सचिव पराग मधुकर धकाते, रिद्धिम अग्रवाल, अपर सचिव निवेदिता कुकरेती, वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार सहित आयुक्त कुमांऊ व सभी जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदि मौजूद थे



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में नवनियुक्त राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने शिष्टाचार भेंट की।

## शहीद आंदोलनकारियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए

कोटद्वार । कोटद्वार महानगर और जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से सोमवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 1994 में खटीमा और मसूरी गोलीकांड में शहीद हुए आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड राज्य का सपना आंदोलन के शहीदों की शहादत के कारण साकार हो पाया। यह राज्य शहीद आंदोलनकारियों की धरोहर है, जिन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर राज्य निर्माण में अहम भूमिका का निर्वहन किया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है, कहा कि शहादत देने वाले आंदोलनकारियों के प्रति प्रदेशवासी सदैव कृतज्ञ रहेंगे। मौके पर शहीद आंदोलनकारियों की स्मृति में 2 मिनट का मौन भी रखा गया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय मित्तल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विनोद डबराल, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय रावत, जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस रश्मि पटवाल, रंजना रावत, बलबीर सिंह रावत, धीरेंद्र सिंह बिष्ट, सुदर्शन रावत और गणेश नेगी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## मुख्यमंत्री धामी ने शहीद आंदोलनकारियों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की

**मसूरी गोलीकांड की 30वीं बरसी**

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मसूरी गोलीकांड की 30 वीं बरसी के अवसर पर मसूरी के शहीद स्मारक पहुँचकर शहीद आंदोलनकारियों को नमन किया एवं उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था लागू किये जाने पर राज्य आंदोलनकारियों की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य आंदोलनकारियों ने अपनी जान की परवाह किये बिना अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि शहीद आंदोलनकारियों ने जो सपने उत्तराखंड के लिए देखे थे, उन्हें पूरा करने का कार्य राज्य सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि 1 सितंबर को खटीमा कांड, 2 सितंबर को मसूरी और 2 अक्टूबर को रामपुर तिराहा कांड हुआ, ये तीनों दिन हमारे राज्य के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने अमर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को कभी भूला नहीं सकते। मुख्यमंत्री ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से चल रहे आंदोलन को बर्बरतापूर्ण कुचलने का काम तत्कालीन सरकार ने किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद आंदोलनकारियों का सपना था कि एक ऐसा उत्तराखंड बने, जहां सबको समान अधिकार मिले। इसी लक्ष्य को लेकर राज्य सरकार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल में जारी नीति आयोग की सतत विकास लक्ष्यों की रैंकिंग में उत्तराखंड ने नंबर एक स्थान प्राप्त किया है। राज्य में विकास के साथ पर्यावरण संतुलन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य में जी.ई.पी की शुरूआत की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दशक को उत्तराखण्ड का दशक बनाने के लिए हर क्षेत्र में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। आने वाले दस वर्षों में उत्तराखंड अपने विकास और उन्नति के चरम पर होगा। इसके लिए इकोलॉजी और इकोनॉमी के समन्वय के साथ कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्य आंदोलनकारियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों के लिए 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था लागू की है एवं पेंशन दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आंदोलन में हमारी नारी शक्ति की बड़ी भूमिका रही है। इसी के दृष्टिगत राज्य सरकार ने महिलाओं को राज्य की सरकारी सेवाओं में 30 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया है। राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। 100 से ज्यादा नकल माफियाओं को जेल की सलाखों के पीछे पहुँचाने का कार्य किया गया। इसके अलावा राज्य में जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए कड़ा कानून लाने के साथ ही दंगा रोधी कानून भी राज्य में लागू किया गया है।

# इग्नू में एडमिशन लेने का अभी भी मौका फिर बढ़ गई अप्लीकेशन की लास्ट डेट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 03 अगस्त : इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (IGNOU) ने जुलाई 2024 सेशन में एडमिशन लेने की अंतिम तिथि (सर्टिफिकेट और सेमेस्टर बेस्ड प्रोग्राम छोड़कर) एक बार फिर से बढ़ा दी है. इग्नू में एडमिशन के लिए आवेदन अब अब 10 सितंबर तक किया जा सकता है. आवेदन इग्नू की वेबसाइट ignouadmission.samarth.edu.in पर जाकर करना है. ऑनलाइन कोर्स के लिए आवेदन ignouiop.samarth.edu.in पर जाकर करना होगा।




इग्नू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक आधिकारिक पोस्ट में कहा कि जुलाई 2024 सेशन के लिए ओडीएल/ऑनलाइन मोड में पेश किए जाने वाले सभी प्रोग्राम (सर्टिफिकेट और सेमेस्टर बेस्ड प्रोग्राम को छोड़कर) के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 सितंबर कर दी गई है. इसके अलावा जुलाई 2024 सेशन में री रजिस्ट्रेशन भी लास्ट डेट 10 सितंबर कर दी गई है।

अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम, पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट प्रोग्राम में फ्रेश एडमिशन के लिए आवेदन ओडीएल और ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर किया जा सकता है. जबकि मौजूदा स्टूडेंट्स, जिन्हें अगले सेमेस्टर या एकेडमिक सेशन में री-रजिस्ट्रेशन करना है, वे ऐसा री-रजिस्ट्रेशन पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं।

इग्नू में एडमिशन के लिए उम्मीदवारों के पास निम्नलिखित डॉक्यूमेंट्स होने चाहिए-
-स्कैन की हुई पासपोर्ट साइज फोटो
-स्कैन किए हुए हस्ताक्षर (100 KB से कम)
-शैक्षिक प्रमाणपत्रों की स्कैन कॉपी-एक्सपीरियंस सर्टिफिकेट की स्कैन कॉपी, अनिवार्य नहीं है
-एससी, एसटी और ओबीसी जैसे आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को कैटेगरी सर्टिफिकेटउम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि उनके फोटोग्राफ, हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी की साइज 100 केबी से कम होनी चाहिए. जबकि अन्य डॉक्यूमेंट्स फाइल की कॉपी की साइज 200 केबी से अधिक नहीं होनी चाहिए. इग्नू की ऑफिशियल वेबसाइट पर यह भी कहा गया है कि स्कैन फाइल मूल डॉक्यूमेंट्स की होनी चाहिए.

# पोनीटेल हेयरस्टाइल रखने पर नॉर्थ कोरिया में मिलेगी ये सजा, आया फरमान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 03 सितम्बर : दुनिया के कुछ देश ऐसे हैं, जहां की तानाशाही के किस्से रोंगटे खड़े कर देते हैं. जब कभी तानाशाही के किस्से सामने आते हैं तो जेहन में सबसे पहला नाम उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन का आता है. इनका नाम सुनते ही जहन में कई अजीबोगरीब चीजें सामने आने लगती है. फिर चाहे वह खाद बनाने के लिए पॉटी इकट्ठी करने का कानून हो या महिलाओं-पुरुषों की हेयर स्टाइल कपड़ों से जुड़ी शक्तियां. ऐसा ही कुछ इन दिनों भी लोगों के बीच चर्चा में है. जिसके बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे और सोच में पड़ जाएंगे.

पोनीटेल हेयरस्टाइल एक ऐसा स्टाइल है जो ऑफिस गोइंग और कॉलेज गोइंग लड़कियों के ऊपर एकदम सटीक बैठती है क्योंकि इसे बनाना भी आसान है और ये हेयर स्टाइल हमें खूबसूरत लुक भी देता है. वैसे आपको जानकर हैरानी होगी कि ये हेयर स्टाइल अब उत्तर कोरिया में बैन होने जा रही है. किम जोन उन ने दक्षिण में प्रचलित फैशन के चलन को खत्म करने के संकल्प किया है. यूं तो उत्तर कोरिया में जींस, रंगे बाल, लंबे बाल, प्रेस किए हुए ट्राउजर और शोल्डर बैग के साथ-साथ ड्रेस और ब्लाउज पर अर्ध-पारदर्शी आस्तीन भी पहले से ही बैन है लेकिन अब इसमें ये भी शामिल है.



अगर कोई पोनीटेल रखता हुआ पकड़ा गया तो उसके सिर के बाल मुंडवा दिए जाएंगे और इसके अलावा उसे 6 महीने तक की जेल भी हो सकती है. रिपोर्ट के मुताबिक यह आदेश तानाशाह किम जोंग उन ने तब दिया है, जब उन्होंने अपने पड़ोसी दक्षिण कोरिया के लोगों को इस स्टाइल में बालों को रखते हुए लिया. अंग्रेजी वेबसाइट डेली स्टार में छपी रिपोर्ट के मुताबिक इस नए नियम को इसलिए लाया जा रहा है क्योंकि पारदर्शी आस्तीन और पोनीटेल समाजवादी व्यवस्था की छवि पर एक कलंक की तरह है और इससे देश की छवि धूमिल होती है.

गौरतलब है कि उत्तर कोरिया में इन्हीं अजीबोगरीब कानूनों के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है. इसके अलावा यहां पाबंदियों का सिला ऐसा है कि इस देश की ज्यादातर बातें बाहर नहीं आ पाती हैं. यहां पर गलती करने पर सजा देने के लिए भी बहुत सख्ती बरती जाती है.

# ऐसा हिल स्टेशन जिसकी रक्षा करती हैं परियां



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 03 सितम्बर : कहा जाता है कि इस हिल स्टेशन की रक्षा परियां करती हैं. यह हिल स्टेशन उत्तराखंड में है और बेहद सुंदर है. यही कारण है कि इस हिल स्टेशन को परियों का देश भी कहा जाता है. इस हिल स्टेशन का नाम खैट पर्वत है. यह हिल स्टेशन गढ़वाल में है. खैट पर्वत समुद्र तल से करीब 10000 फीट की ऊंचाई पर है. लोक मान्यता है कि यहां अचानक ही परियां दिखती हैं. ऐसी भी लोक मान्यता है कि ये परियां ही आसपास के गांवों की रक्षा करती हैं. इन परियों को कई लोग योगनियां और वनदेवियां भी मानते हैं.केवल खैट पर्वत ही नहीं, बल्कि यहां खैटखाल मंदिर भी है. इस मंदिर को रहस्यमय माना जाता है. इस मंदिर में परियों की पूजा होती है और जून के महीने में मेला लगता है. यह हिल स्टेशन इतना सुंदर है कि टूरिस्टों को मंत्रमुग्ध कर देता है. आप यहां कैंपिंग और ट्रैकिंग कर सकते हैं.

# स्वास्थ्य विभाग को शीघ्र मिलेंगे 391 एएनएम : डॉ. धन सिंह रावत

■ चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने जारी किया अभिलेख सत्यापन कलैण्डर
■ आगामी 18 से 30 सितम्बर तक होंगे एएनएम के अभिलेखों का सत्यापन

देहरादून। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को शीघ्र ही 391 एएनएम (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता) मिलेंगे। उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने सभी औपचारिकताएं पूरी कर अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन हेतु कैलेण्डर जारी कर दिया है। चयन बोर्ड आगामी 18 सितम्बर से लेकर 30 सितम्बर तक वर्षवार स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के अभिलेख सत्यापन करेगा। इसके उपरांत चयनित अभ्यर्थियों का वर्षवार मेरिट के आधार पर चयन परिणाम घोषित किया जायेगा।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग में लम्बे समय से विभिन्न संवर्गों में रिक्त पड़े पदों को तेजी से भरा जा रहा है। इसी कड़ी में एएनएम के रिक्त 391 पदों पर शीघ्र तैनाती दी जायेगी। इसके लिये उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने सभी औचारिकताएं पूरी कर ली है। डॉ. रावत ने बताया कि चयन बोर्ड ने स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) परीक्षा-2024 के लिये तिथिवार अभिलेख सत्यापन कलैण्डर जारी कर दिया है। आगामी 18 सितम्बर 2024 से अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की जायेगी जो 30 सितम्बर 2024 तक चलेगी। अभिलेख सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों को बैचवार ज्येष्ठता क्रम में बुलाया गया है, जिसके लिये अभ्यर्थियों को अनुक्रमांक भी जारी किये गये हैं।

सत्यापन प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा संलग्न प्रमाण पत्रों की बारीकी से जांच की जायेगी। अभिलेख सत्यापन के समय अभ्यर्थियों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ सम्बंधित अभिलेखों की दो-दो स्वप्रमाणित छायाप्रतियां लाना अनिवार्य है। अभिलेख सत्यापन प्रक्रिया के



उपरांत चयन बोर्ड द्वारा अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों की वर्षवार मेरिट के आधार पर चयन परिणाम जारी किया जायेगा, जिन्हें प्रदेश के विभिन्न जनपदों के चिकित्सा इकाईयों में तैनाती दी जायेगी। विभागीय मंत्री ने बताया कि राजकीय चिकित्सा इकाईयों में एएनएम की तैनाती होने से स्थानीय स्तर पर आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया हो सकेगी, साथ ही गर्भवती महिलाओं, जच्चा-बच्चा के टीकाकरण में तेजी आयेगी इसके अलावा सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का आम लोगों के बीच प्रचार-प्रसार हो सकेगा।

# पांच दिवसीय कार्यशाला में आईसीटी के विषय में छात्रों को दी जानकारी

अल्मोड़ा। भारत सरकार के राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद द्वारा संचालित एवं वित्तपोषित पोषित एवं लक्ष्मी सामाजिक विकास एवम स्वास्थ्य समिति द्वारा अल्मोड़ा जिले के धौलादेवी ब्लॉक में मनिआगर गाँव में 5 दिवसीय विज्ञान प्रौद्योगिकी मीडिया आधारित विज्ञान संचार कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे आईसीटी के विषय में जानकारी दी गई।

इस मौके पर भावना, रश्मि, गोविंद, राहुल जोशी एवं डॉ अरविंद के द्वारा धौलादेवी ब्लॉक के चयनित 25 बच्चों को आईसीटी का शिक्षा, विज्ञान, मल्टी मीडिया का मानव जीवन में भूमिका, मानव जीवन ने मल्टी मीडिया के फायदे और आदि विषय में जानकारी दी गई। हर्षित रौतेला ने कंप्यूटर की बेसिक जानकारी, भावना ने शिक्षण एवं अधिगम में सूचना एवं संचार तकनीक और अन्य विषय में जानकारी दी गई। साथ ही गोविंद सिंह के द्वारा शिक्षण परीक्षण दिया गया और बच्चों के मानसिक विकास के लिए कई तरह की आईसीटी संबंधित गतिविधियां की गई।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में जनभागीदारी आवश्यक : आनन्द बर्द्धन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





देहरादून 3 सितंबर,अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सचिवालय में स्प्रिंग एंड रिवर रिजुवीनेशन अथॉरिटी (SARRA) से सम्बद्ध विभिन्न तकनीकी संस्थानों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान संस्थानों द्वारा अपने-अपने स्तर पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गयी। अपर मुख्य सचिव ने स्प्रिंग एंड रिवर रिजुवीनेशन अथॉरिटी और सभी संस्थानों को जानकारियां और विश्लेषण साझा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए (SARRA) एक अच्छा प्लेटफार्म है। अथॉरिटी द्वारा तैयार किए जा रहे डैशबोर्ड पर सभी जानकारियां उपलब्ध करायी जानी चाहिए। कहा कि जल-स्रोतों और नदियों के पुनर्जीवीकरण के लिए, दीर्घकालीन और व्यापक प्लान तैयार किया जाए, साथ ही इसकी निगरानी और रखरखाव के लिए भी प्राविधान किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए किसी भी प्रकार की फंडिंग की कमी नहीं होगी।

अपर मुख्य सचिव ने जिलों में काम करने के लिए एक-एक कोर टीम तैयार किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जनपदों की कोर टीम में भी तकनीकी संस्थानों की भागीदारी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की योजनाओं को जनभागीदारी के बिना सफल बनाया जाना नामुमकिन है, इसलिए योजनाओं के क्रियान्वयन में जनभागीदारी आवश्यक रूप से सुनिश्चित की जाए। स्थानीय लोगों के साथ बैठकें और कार्यशालाएं आयोजित की जाएं। बैठक के दौरान भारतीय जल विज्ञान संस्थान को सौंग एवं नयार नदी एवं आईआईटी रूड़की को शिप्रा एवं गौड़ी नदी की विभिन्न प्रकार की मैपिंग और विश्लेषण की जिम्मेदारी दी गयी।

बैठक के उपरान्त अपर मुख्य सचिव ने अल्मोड़ा में कोसी नदी के रिजुवीनेशन के पूर्व से जारी कार्य में तेजी लाते हुए (SARRA) द्वारा डीपीआर तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीपीआर तैयार करने से पहले सभी एजेंसियों द्वारा कोसी एवं उसके जलग्रहण क्षेत्र का एक संयुक्त दौरा कर लिया जाए। बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (SARRA) नीना ग्रेवाल, वाडिया हिमालय भू-विज्ञान संस्थान, केन्द्रीय भू-जल बोर्ड, भारतीय जल विज्ञान संस्थान, रूड़की, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रूड़की एवं गोविन्द बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान एवं सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# महिला अपराधों व नाबालिगों से छेड़छाड़ पर सख्त हुआ महिला आयोग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून , 3 सितम्बर , चमोली जिले की नंदानगर तहसील में एक नाबालिग लड़की के साथ अश्लील हरकत करने, अल्मोड़ा के सल्ट में नाबालिग से छेड़छाड़ सहित महिला अपराधों के मामले में उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने स्वतः संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा की राज्य महिला आयोग महिलाओं व नाबालिग बच्चियों के साथ घट रही घटनाओं की घोर निंदा करता है, देवभूमि में महिलाओं व नाबालिग किशोरियों के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म जैसे निंदनीय घटनाओं को अंजाम देने वालो के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

मामले में चमोली, अल्मोड़ा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों से फोन पर वार्ता के क्रम में घटनाओं की जानकारी लेते हुए उन्हें निर्देश दिए है कि देवभूमि को दूषित करने वाले सभी अपराधियों के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएं। क्योंकि देवभूमि में अपराधियों के लिए कोई स्थान नही है। जो भी उत्तराखण्ड की मातृशक्ति के साथ दुर्व्यवहार करता है उसे जेल की सलाखों के पीछे होना चाहिए।

मामले में उन्होंने पुलिस अधीक्षक चमोली, सर्वेश पंवार को निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे लोग जो बाहर से आकर यहां रह रहे है उन सभी के सत्यापन होने चाहिए साथ ही इसके दौरान उनकी क्राइम हिस्ट्री की जांच भी अवश्य होनी चाहिए। क्योंकि विभिन्न जगहों से आकर आपराधिक मानसिकता के लोग यहां आकर बस जाते है और देवभूमि के माहौल को खराब करने का काम करते है।

मामले में चमोली पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने बताया कि उक्त मामले के आरोपी युवक को देर रात उत्तर प्रदेश पुलिस के सहयोग से उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर से गिरफ्तार कर लिया गया है।

आरोपी के विरुद्ध पोक्सो एक्ट कर तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं अल्मोड़ा में भी जंगल में बकरियां चराने गयी नाबालिग के साथ एक व्यक्ति द्वारा गलत तरीके से छेड़छाड़ के मामले मे भी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, देवेंद्र पीचा से फोन पर वार्ता की और ऐसे घिनौना कृत्य करने वाले अपराधी के विरुद्ध भी कड़ी व दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए पैरवी की है। उन्होंने कहा कि अपराधी का कोई धर्म कोई जाति नही होती वह केवल अपराधी की श्रेणी में आता है उसके विरुद्ध सख्ताई से कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

# भारी बारिश से सिमली बाजार में स्थित दुकानों में घुसा मलबा

चमोली। चमोली जनपद में एक सितंबर की सायं से लगातार बारिश जारी है। कर्णप्रयाग ब्लाक के सिमली बाजार में अतिवृष्टि के कारण 11 घरों और 06 दुकानों में मलबा आने से नुकसान हुआ है। वही दो वाहन मलबे में दबे है। हालांकि जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। सिमली में अवरुद्ध मोटर मार्ग को सुचारू कर लिया गया है।

आवासीय भवनों और दुकानों से मलबा हटाने का काम जारी है। जनपद में अवरूद्ध कर्णप्रयाग-थराली-ग्वादम और कर्णप्रयाग-गैरसैंण-पाण्डुवालखाल मोटर मार्ग यातायात के लिए सुचारू कर लिए गए है। जबकि कई जगह अवरुद्ध कर्णप्रयाग-चमोली-बद्रीनाथ और जोशीमठ-मलारी-नीति मोटर को यातायात के लिए सुचारू करने का काम जारी है। इसके अलावा जनपद में 40 अन्य ग्रामीण मोटर मार्ग भी अवरुद्ध है। जिनको सुचारू करने का काम जारी है। गोपेश्वर विद्युत वितरण खंड में सोनला-बछेर की ओर विद्युत लाइन में खराबी आने के कारण 12 गांव में विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। जिसको ठीक करने का काम किया जा रहा है। विद्युत वितरण खंड कर्णप्रयाग के अंतर्गत सिमली में 11 केवी विद्युत लाइन ब्रेक डाउन होने के कारण 40 गांव में विद्युत आपूर्ति बाधित हुई हैं। वही नारायणबगड़ क्षेत्र में डुंगी फीडर आने वाली विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण 32 गांवों में विद्युत आपूर्ति बाधित है। जिसको ठीक करने का काम चल रहा है। जिले में पेयजल आपूर्ति सुचारू है।

जनपद में वर्षा के आंकड़ों पर नजर डाले तो तहसील नंदानगर, चमोली और पोखरी में सबसे अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई। तहसील चमोली में 49.8 मिमी, जोशीमठ में 15 मिमी, कर्णप्रयाग में 43 मिमी, पोखरी में 40 मिमी, गैरसैंण में 16 मिमी, थराली में 15 मिमी और नंदानगर में 60 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। जनपद की सभी नदियां खतरे के निशान से नीचे बह रही है।

मौसम विभाग द्वारा अगले एक सप्ताह तक जनपद में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इसको देखते हुए जिला प्रशासन ने पूरे जनपद वासियों को बारिश के दौरान नदी नालों से दूर सुरक्षित स्थानों पर रहते हुए जरूरी एहतियात बरतने की सलाह दी है।

## डीआईटी में कैंपस प्लेसमेंट शुरू

देहरादून। डीआईटी यूनिवर्सिटी में सत्र शुरू होते ही कैंपस प्लेसमेंट सीजन शुरू हो गए हैं। जिसके लिए सूचना प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, फार्मास्यूटिकल्स, वित्त और विनिर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों की अग्रणी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों का आना शुरू हो गया है। कैरियर सेवा एवं विकास केंद्र के डीन प्रवीण सैवाल के अनुसार प्लेसमेंट ड्राइव में 200 से अधिक कंपनियों के भाग लेने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इस प्लेसमेंट ड्राइव से युवाओं को नौकरी के अवसर तो मिलेंगे ही, कंपनियों को भी योग्य युवा मिलेंगे। इसमें विश्वविद्यालय की समर्पित कैरियर सेवा और कैरियर विकास सेल से निरंतर समर्थन मिल रहा है, जो छात्रों और भर्तीकर्ताओं दोनों के लिए एक सहज और सफल प्लेसमेंट प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास करता है।

## रोजगार प्रदान किए जाने हेतु राज्य प्रायोजित योजनाओं का लक्ष्य दोगुना करें

अल्मोड़ा। जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति (डीएलआरसी) की त्रैमासिक बैठक विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य प्रायोजित योजनाएँ, ऋण जमा अनुपात को मानक स्तर तक बढ़ाने, केसीसी, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक ऋण योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना समेत अन्य योजनाओं की योजनावार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सभी बैंकर्स को निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु सभी बैंक वार्षिक कार्य योजना को ध्यान में रखते हुये जिले का ऋण जमा अनुपात का 80 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने सभी बैंकर्स को निर्देश दिये कि लक्ष्य को ससमय पूर्ण कर लिया जाय।

## संक्षिप्त खबरें

### जखोली में 4 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन

रुद्रप्रयाग। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखोली में 4 सितंबर को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। क्षेत्र पंचायत सदस्य व विधायक प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह भंडारी ने बताया है कि 4 सितंबर को प्रातः 10 बजे से टीम पिन्टू भाई ब्लड डोनेट ग्रुप के सदस्यों द्वारा रक्तदान शिविर लगाया जाएगा, जिसमें युवाओं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान कर चालीस यूनिट ब्लड डोनेट किया जाएगा। जो जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग में जरूरतमंद लोगों को दिया जाएगा।

### स्कूल का रास्ता पूछ महिला का पर्स लूटकर भागा

देहरादून। गुरु रोड पर पैदल जा रही महिला का पर्स छीन लिया गया। महिला की तहरीर पर पटेलनगर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अर्चना सेठी शिमला रोड पर पीएनबी एंक्लेव में रहती हैं। रविवार को सुबह वह अपने ससुराल से मायके जाने के लिए निकली। अर्चना के भाई का आवास पटेलनगर में गुरु रोड पर है। गुरु रोड पर पैदल जाते वक्त स्कूटर सवार एक लड़का पास आकर रुका। उसने महिला से शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल का रास्ता पूछा। महिला रास्ता बताने की कोशिश करने लगी। तभी आरोपी ने महिला के हाथ से पर्स छीना और स्कूटर लेकर फरार हो गया। महिला के पर्स में नगदी, मोबाइल फोन, दस्तावेज, एटीएम कार्ड और कुछ अन्य सामान था। इंस्पेक्टर पटेलनगर केके लुंठी ने बताया कि महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपी की पहचान की कोशिश कर रही है।

### ट्रक की टक्कर से लैब कलेक्शन एजेंट की मौत

देहरादून। लैब के सैंपल एक स्थान से दूसरे स्थान लेकर जाने वाले एजेंट की ट्रक की टक्कर से मौत हो गई। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पटेलनगर थाना पुलिस ने आरोपी ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर पटेलनगर केके लुंठी ने बताया कि 33 वर्षीय सुमित कुमार निवासी विज्ञान विहार, सुंदरवाला, पैथौलॉजी लैब में सैंपल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने के लिए राइडर का काम करते थे। बीते शनिवार शाम वह टर्नर रोड स्थित पैथ लैब से सेंपल उठाने के बाद आईएसबीटी की तरफ जा रहे थे। आईएसबीटी के पास बिजली विभाग कार्यालय के पास एक चालक ने ट्रक को लापरवाही से चलाते हुए सुमित को टक्कर मार दी। ट्रक के पहिए की चपेट में आने से सुमित गंभीर घायल हो गए। उपचार के लिए दून अस्पताल भिजवाया गया। वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अमित की पत्नी प्रतिभा ने हादसे को लेकर पटेलनगर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने इस तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भारत सरकार के नवरत्नों में शामिल हुई एसजेवीएन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

■ सुशील शर्मा, अध्यक्ष एसजेवीएन ने बताई ऐतिहासिक उपलब्धि

देहरादून- 3 सितम्बर , एसजेवीएन को भारत सरकार के लोक उद्यम विभाग द्वारा प्रतिष्ठित नवरत्न का दर्जा प्रदान किया गया है। यह उत्कृष्ट मान्यता कंपनी को भारत का 25वां नवरत्न बनाती है, जो एसजेवीएन की 36 वर्षों की यात्रा की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सुशील शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने इस ऐतिहासिक दिन को साकार बनाने में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण और विद्युत मंत्री मनोहर लाल के निरंतर मार्गदर्शन एवं अटूट सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। शर्मा ने हिमाचल प्रदेश सरकार को भी इक्विटी पार्टनर के रूप में कंपनी की हमेशा सहायता करने के लिए विशेष धन्यवाद दिया।

प्रबंध निदेशक शर्मा ने कहा, ”नवरत्न का दर्जा उन चुनिंदा सीपीएसई को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने निरंतर असाधारण वित्तीय प्रदर्शन एवं प्रबंधकीय दक्षता को दर्शाया है। इससे हमें अपने कारोबारी हितों को आगे बढ़ाने तथा राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा में योगदान करने के लिए अधिक वित्तीय और ऑपरेशनल आज़ादी मिलेगी। नवरत्न का दर्जा न केवल एसजेवीएन की पिछली उपलब्धियों को मान्यता देता है, अपितु हमें बड़ी परियोजनाएं आरंभ करने, रणनीतिक साझेदारियां बनाने तथा वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता प्राप्त करने के सरकार के विजन में अधिक महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए मंच भी तैयार करता है।

कंपनी अब बिना किसी वित्तीय सीमा के अपनी परियोजनाओं पर निवेश कर सकती है, जिससे कंपनी के विकास में तीव्रता आएगी। इसके अतिरिक्त, कंपनी प्रतिवर्ष अपने नेटवर्थ के 30% तक का निवेश कर सकती है, जिससे इसकी महत्वाकांक्षी विस्तार योजनाओं को अत्यधिक बढ़ावा मिलेगा। एसजेवीएन को यह बढ़ी हुई स्वायत्तता संयुक्त उद्यम तैयार करने, विदेशी अधीनस्थ कंपनियां स्थापित करने और प्रचालन को सुधार करने के लिए संगठनात्मक पुनर्गठन करने की भी अनुमति प्रदान करती है।

एसजेवीएन को 2008 में प्रतिष्ठित मिनीरत्न का दर्जा दिया गया था। वर्तमान में, एसजेवीएन के पास 56,802.4 मेगावाट का परियोजना पोर्टफोलियो है, जिसमें तेरह परियोजनाएं प्रचालनाधीन हैं, जिनकी कुल स्थापित क्षमता 2466.5 मेगावाट है तथा हाइड्रो, सोलर, विंड, थर्मल एवं ट्रांसमिशन लाइनों वाली 75 परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। कंपनी वर्ष 1988 में भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार के मध्य एक संयुक्त उद्यम के रूप में स्थापित हुई थी, जो भारत एवं नेपाल में प्रचालित होने के साथ एक बहु-आयामी विद्युत निकाय के रूप में विकसित हुई है।




# उत्तराखंड : क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर किया Digital Arrest, 3 घंटे में ठग लिए 43 लाख

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 03 सितम्बर : कंपनी के वाइस चेयरमैन को साइबर ठगों ने तीन घंटे तक डिजिटल रूप से फंसाए रखा और उनसे 43 लाख रुपये की ठगी की। इस मामले की सूचना मिलने के बाद साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जालंधर निवासी सरनजीत सिंह एक कंपनी में वाइस चेयरमैन हैं, उन्होंने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।

जिसमें उन्होंने बताया कि वह हरिद्वार के शिवालिक नगर में रहते हैं और हाल ही में उन्हें एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई एयरपोर्ट से बताते हुए कहा कि उनका एक पार्सल पकड़ा गया है, जिसमें दो भारतीय पासपोर्ट और पांच किलो 50 ग्राम ड्रग्स हैं। इसके बाद फोन कर्ता ने खुद को प्रदीप सावंत क्राइम ब्रांच का सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर बताया और सभी जानकारी लेकर सरनजीत को डराया। साइबर ठगों ने सरनजीत को यह भी बताया कि उनका आधार नंबर मनी लॉन्ड्रिंग केस से जुड़ा है और वीडियो कॉल के दौरान उन्हें धमकाया गया और उन्होंने पुलिस की वर्दी पहनी हुई थी।

पीड़ित ने बताया कि वीडियो कॉल में आसपास की गतिविधियां भी पुलिस थाने और ऑफिस जैसी लग रही थीं जिससे सरनजीत सिंह और भी अधिक घबरा गए। उन्हें लगभग तीन घंटे तक इसी तरह ऑनलाइन रखा गया, इस दौरान ठगों ने उनके खाते की सभी जानकारी प्राप्त कर ली। कुछ समय बाद सरनजीत के मोबाइल पर मैसेज आने लगे और साइबर ठगों ने सात बार में कुल 43 लाख रुपये उनके खाते से ट्रांसफर कर लिए। साइबर सीओ अंकुश मिश्रा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जिन खातों में पैसे ट्रांसफर हुए हैं, उनकी भी जांच की जा रही है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# सीडीओ अभिनव शाह ने किया ग्रोथ सेंटरों का निरीक्षण, दिए निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह एवं परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण आनंद सिंह ने रविवार को जिला उद्योग केंद्र के अंतर्गत वित्त पोषित व हिमालय स्वायत्त सहकारिता पीपलकोटी द्वारा संचालित हैंडीक्राफ्ट ग्रोथ सेंटर, एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना अंतर्गत गठित माँ चंडिका स्वायत्त सहकारिता जिलासू, पोखरी द्वारा संचालित वेस्ट फ्लावर रीसाइक्लिंग आधारित ग्रोथ सेंटर एवं बाखली होमस्टे का निरीक्षण किया। हैंडीक्राफ्ट ग्रोथ सेंटर पीपलकोटी में रिंगाल से निर्मित बद्रीनाथ मंदिर, समस्त प्रकार के बास्केट, पेन पॉट, गिफ्ट पैक टोकरी, गुलदस्ता के साथ पिरुल से सजावटी आइटम तैयार किए जा रहे है। जिसमें बैम्बो बोर्ड के समन्वयक श्री सती ने बताया कि इस ग्रोथ सेंटर से 230 महिलाएं जुड़ी है और 20 महिलाएं द्वारा वर्तमान में ग्रोथ सेंटर कार्य किया जा रहा है, जिससे वित्तीय वर्ष 2023-24 में रुपये 133000/- का व्यवसाय किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रोथ सेंटर में तैयार किए जा रहे हैंडीक्राफ्ट के फिनिश प्रोडक्ट की क्वालिटी में सुधार लाने हेतु निर्देशित दिए और समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण में सहयोग करने को कहा। वेस्ट फ्लावर रिसाइक्लिंग आधारित ग्रोथ सेंटर जिलासू माँ चंडिका सहकारिता की अध्यक्षा उषा देवी ने बताया कि ग्रोथ सेंटर से 530 महिलाएं अप्रत्यक्ष रूप से और 30 महिलाएं प्रत्यक्ष रूप से धूपबत्ती, मोमबत्ती व अचार बनाने के साथ लोकल प्रोडक्ट की ग्रेडिंग पैकेजिंग के कार्य से जुड़ी है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्रोथ सेंटर से रुपये 1805000/- का व्यवसाय किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने रीप परियोजना के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मां चंडिका सहकारिता में अनुपयोगी मशीनों को एक माह के अंतर्गत संचालित करने हेतु कार्ययोजना तैयार करें और संबंधित कार्य हेतु समूह की महिलाओं को मांग के आधार पर प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जाए। परियोजना निदेशक ने बाखली होमस्टे को और अधिक बेहतर ढंग से चलाने हेतु इसका ऑनलाइन के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने के साथ ही पर्यटकों को पहाड़ी भोजन उपलब्ध करवाया जाय, जिससे समूह से जुड़ी महिलाओं को फायदा हो सके। क्षेत्र भ्रमण के दौरान सहायक महाप्रबंधक उद्योग डीएस कुंवर, खंड विकास अधिकारी दशोली व पोखरी, रीप परियोजना से समस्त सहायक प्रबंधक, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान जिलासू आदि मौजूद रहे।

## भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

अल्मोड़ा। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत रविवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला स्तरीय संयुक्त मोर्चा कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में भारतीय जनता पार्टी के सभी मोर्चो के जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री व मंडल मोर्चा अध्यक्षों तथा जिले के विभिन्न प्रकोष्ठों के जिला संयोजक सहसंयोजक आदि ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रदीप बिष्ट ने कहा कि सदस्यता अभियान का यह चरण 2 सितंबर से प्रधानमंत्री की सदस्यता के साथ प्रारंभ होगा। इसके पश्चात प्रदेश के मुख्यमंत्री व प्रदेश व जिला पदाधिकारी को सदस्यता दिलाई जाएगी तथा इसके पश्चात बूथ स्तर पर यह कार्यक्रम व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पहाड़ों को रैबासी गीत के लिए मैठाणी को यंग सिने अवार्ड

देहरादून। गायक सौरव मैठाणी और ममता आर्या को यंग उत्तराखंड सिने अवार्ड्स-2024 मिला है। मैठाणी को पहाड़ों को रौबासी और ममता को रंगभंग गीत के लिए यह सम्मान दिया गया। नई दिल्ली में शनिवार को हुए कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों में यंग उत्तराखंड सिने अवार्ड प्रदान किया गया। नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू ऑडिटोरियम में हुए कार्यक्रम में उत्तराखंडी फिल्म, संगीत और रंगमंच के क्षेत्र से जुड़ी कई हस्तियां शामिल हुईं। यंग उत्तराखंड सिने अवार्ड उत्तराखंड के क्षेत्रीय सिनेमा और संगीत जगत का सबसे बड़ा अवार्ड शो है। यह उत्तराखंड की नई पीढ़ी के कलाकारों को प्रोत्साहित करने का सबसे बड़ा मंच है। दिल्ली में कई सालों से यंग उत्तराखंड कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान 2023 में फिल्म और संगीत क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए कलाकारों को मंच पर यंग उत्तराखंड सिने अवार्ड्स दिया गया। इस दौरान हास्य अभिनेता घनानंद उर्फ घन्ना भाई को यंग उत्तराखंड लाइफ टाइम सिने अवार्ड्स और प्रसिद्ध लोक गायक और गीतकार संतोष खेतवाल को गोपाल बाबू गोस्वामी लीजेंड्री सिंगर अवार्ड प्रदान किया गया।

### दून में ढ़ाई हजार ने हिमालय बचाने की शपथ

देहरादून। हिमालय बचाओ अभियान के तहत सोमवार को कई कॉलेजों एवं अन्य सामाजिक, सियासी संस्थाओं में हिमालय प्रतिज्ञा कराई गई। जिसमें करीब ढ़ाई हजार छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अन्य लोगों ने हिमालय बचाने एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। उत्तरांचल विवि के लॉ कॉलेज प्रेमनगर, दून मेडिकल कॉलेज, राजीव गांधी नवोदय विद्यालय तपोवन, जीजीआईसी राजपुर रोड की छात्राओं के साथ ही देहरादून भाजपा महानगर में कार्यकर्ताओं ने हिमालय प्रतिज्ञा ली।

### एमबीबीएस छात्र-छात्राओं को ने हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई

दून मेडिकल कॉलेज पटेलनगर में लेक्चर थेयटर चार में करीब 500 एमबीबीएस छात्र-छात्राओं को प्राचार्य डॉ. गीता जैन ने हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई। प्राचार्य डॉ. जैन ने हिन्दुस्तान के अभियान को सराहा। बोली, लगातार पेड काटे जाने से पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है। जीवन के लिए ऑक्सीजन बहुत जरूरी है, लेकिन जब पेड ही नहीं रहेंगे तो ऑक्सीजन कहां से मिलेगी? उन्होंने हर छात्र-छात्रा से एक पौधा लगाने एवं उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। इस दौरान एनएमसी प्रभारी प्रो. डॉ. संजय गौड़, पीजी हॉस्टल प्रभारी प्रो. डॉ. सुशील ओझा, एचओडी माइक्राबॉयोलॉजी प्रो. डॉ. शलभ जौहरी, एनोटमी की प्रो. डॉ. जॉली अग्रवाल, इमरजेंसी प्रभारी डॉ. एनएस बिष्ट, माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट डॉ. आरती, पीजी चिकित्सक डॉ. रूही हसन आदि मौजूद रहे।

### लॉ कॉलेज के छात्र बने हिमालय बचाओ अभियान का हिस्सा

देहरादून। उत्तरांचल यूनिवर्सिटी के नंदा की चौकी स्थित लॉ कॉलेज में सोमवार को छात्र-छात्राओं ने हिमालय बचाओ अभियान से जुड़कर हिमालय प्रतिज्ञा ली। लॉ कॉलेज के प्राचार्य और उत्तरांचल यूनिवर्सिटी के उप कुलपति डॉ.राजेश बहुगुणा ने कहा कि हिन्दुस्तान हिमालय बचाओ अभियान भविष्य की पर्यावरणीय चिंताओं की ओर ध्यान खींचने का काम कर रहा है। इससे लोग हिमालय के प्रति सजग हो रहे हैं, साथ ही वह हिमालय के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी समझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लॉ छात्र-छात्राओं को हिमालय प्रतिज्ञा दिलाते हुए कहा कि युवाओं का इस तरह के अभियान से जुड़ना शुभ संकेत है। क्योंकि युवाओं इस दिशा में बेहतर पहल कर सकते हैं। उन्हें इसके खुद आगे आना होगा। इस दौरान हिमालय प्रतिज्ञा लेते युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था।

### जीजीआईसी राजपुर रोड की छात्राओं ने ली हिमालय प्रतिज्ञा

देहरादून। जीजीआईसी राजपुर रोड में भी सोमवार को हिमालय प्रतिज्ञा का आयोजन किया गया। यह स्कूल हिन्दुस्तान के इस अभियान का पिछले 12 संस्करणों में भी अहम हिस्सा रहा है। स्कूल की प्रधानाचार्य प्रेमलता बौड़ाई ने छात्राओं को हिमालय प्रतिज्ञा दिलाई। साथ ही छात्राओं को हिमालय की संवेदनशीलता और पर्यावरण की जानकारी दी। इस मौके पर स्कूल के शिक्षिकाओं और स्टॉफ ने भी प्रतिज्ञा ली।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिमालय की रक्षा को उठाए हाथ

देहरादून। भाजपा महानगर ने हिमालय प्रतिज्ञा लेते हुए हिमालय की रक्षा के लिए हाथ उठाए। हिन्दुस्तान हिमालय बचाओ अभियान का हिस्सा बनते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि यह एक आंदोलन की तरह है, जिसमें हरकोई जुड़ रहा है।

# उत्तराखंड : रुद्रप्रयाग के इन 11 युवाओं ने कायम की मिसाल, PCS में पाई सफलता

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 03 सितम्बर : जिले के आठ अभ्यर्थियों ने उत्तराखंड पीसीएस परीक्षा में सफलता हासिल की है। इस परीक्षा में कुल 289 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। जानिए सभी अभ्यर्थियों के बारे में विस्तार से। उत्तराखंड पीसीएस परीक्षा में जनपद रुद्रप्रयाग के युवाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी सफलता का परचम लहराया है। आठ युवाओं ने पीसीएस परीक्षा पास कर विभिन्न विभागों में अधिकारी के पद प्राप्त किए हैं। इन युवाओं की सफलता से न केवल उनके परिजनों में खुशी का माहौल है,

बल्कि पूरे जिले में भी हर्ष की लहर दौड़ गई है। उनकी इस उपलब्धि ने अन्य युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल कायम की है। कंडारा गांव के अभिलाष गैरोला का चयन कारागार अधीक्षक के पद पर हुआ है। वर्तमान में वे प्रभारी आरटीओ काशीपुर में कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गुप्तकाशी से प्राप्त की और बीएससी तथा एमए इतिहास की पढ़ाई देहरादून से की। अभिलाष ने SSB कमांडेंट के पद पर कार्य किया और उसके बाद उत्तराखंड परिवहन विभाग में सेवाएं दीं। वे IAS परीक्षा के इंटरव्यू तक दो बार पहुंचे लेकिन सफल नहीं हो सके। उन्होंने प्रयास जारी रखा है और उनकी IAS बनने की कोशिश अब भी चल रही है। अगस्त्यमुनि की अक्षिता भट्ट का चयन उद्यान विकास अधिकारी के पद पर हुआ है। वरिष्ठ पत्रकार नीलकंठ भट्ट की पुत्री अक्षिता ने इससे पूर्व लोअर पीसीएस परीक्षा पास कर मार्केटिंग इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्ति प्राप्त की थी। अगस्त्यमुनि में जन्मी अक्षिता ने अपनी प्राथमिक शिक्षा ब्लूमिंग बड्स स्कूल से प्राप्त की और इंटर की पढ़ाई एसजीआरआर देहरादून से की। अक्षिता की मां बबली भट्ट आजीविका के रीप मिशन में देहरादून में कार्यरत हैं।

अगस्त्यमुनि ब्लॉक के फलई गांव के अंकित राज का चयन एसडीएम के पद पर हुआ है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अगस्त्य पब्लिक स्कूल जवाहरनगर, गंगानगर से प्राप्त की और इंटर की परीक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय जाखधार से उत्तीर्ण की। द्वाराहाट इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक करने के बाद अंकित ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की। वर्तमान में वह नैनीताल हाईकोर्ट में समीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं और इस वर्ष उन्होंने यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा भी उत्तीर्ण की है। उनके पिता मदन राज कीर्तिनगर में बीओ कार्यालय में प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी हैं और उनकी माता, रंजना देवी, गृहणी हैं।

# एसएसपी लोकेश्वर सिंह ने छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी 03 सितम्बर : IHMS कॉलेज कोटद्वार में आयोजित "पुलिस की पाठशाला" कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और कॉलेज के छात्र-छात्राओं और कॉलेज स्टॉफ को वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों जैसे सेक्सटॉर्शन, डिजिटल अरेस्ट, फिशिंग लिंक, थर्ड पार्टी ऐप स्टोर आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताकर साइबर अपराधों के बचाव के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। एसएसपी ने युवाओं को अपना महत्वपूर्ण समय, ऊर्जा फेसबुक, इन्स्ट्राग्राम व अन्य सोशल साइट को देखने में बर्बाद न कर सकारात्मक कार्यों में व्यय करना चाहिये। इसके अलावा युवाओं में वर्तमान में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते बताया कि नशा एक भयंकर बीमारी का रूप लेता जा रहा है जो युवा पीढ़ी को लगातार अपनी गिरफ्त में ले रहा है। नशा मनुष्य के सोचने समझने की शक्ति के साथ ही पूरे शरीर पर प्रहार करता है। इसका प्रहार इतना प्रखर होता है कि धीरे धीरे शरीर ही नष्ट हो जाता है। यह एक ऐसा धीमा जहर होता है कि लोग जब तक इसके दुष्परिणामों को समझ पाते हैं तब तक उनका अंत हो जाता है। हम सब मिलकर एक ऐसा समाज बनाएँ जहाँ हमारे युवा नशे की लत की बेड़ियों से मुक्त होकर स्वस्थ, उत्पादक जीवन जी सकें।

## लिंचौली में दुकान में लगी आग, जनहानि नहीं

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर लिंचौली में एक दुकान में अचानक आग लग गई। जिससे दुकान में रखा कुछ सामान जल गया जबकि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ मौके पर पहुंची और जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया। बीती रात लिंचौली में एक स्थानीय व्यक्ति के माध्यम से एसडीआरएफ को सूचना दी गई कि एक दुकान में आग लग गई है। सूचना मिलते ही लिंचौली पोस्ट से एसडीआरएफ टीम उप निरीक्षक प्रेम सिंह उपराड़ी के नेतृत्व में मय जरूरी रेस्क्यू उपकरणों के साथ टीम तत्काल घटनास्थल पहुंची। टीम को घटनास्थल में पता चला कि दुकान में रखे तीन एलपीजी सिलेंडरों में आग लग गई थी। जिससे दुकान में रखा कुछ सामान भी जल गया। त्वरित कार्यवाही करते हुए रेस्क्यू टीम ने एलपीजी सिलेंडरों व दुकान में लगी आग पर काबू पा लिया गया। उप निरीक्षक प्रेम सिंह ने बताया कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

## राशिसं ने पौड़ी में चॉकडाउन हड़ताल रखी

पौड़ी। प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर राजकीय शिक्षक संघ ने सोमवार को पौड़ी में चॉकडाउन हड़ताल रखी। शिक्षक प्रधानाचार्य पद पर सीधी भर्ती का विरोध कर रहे हैं। मांग है कि इस पद को पदोन्नति से ही भरा जाए। शिक्षकों की हड़ताल की वजह से पौड़ी जिले के 15 ब्लॉकों के 307 स्कूलों में पठन-पाठन ठप रहा। राजकीय शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने एक स्वर में प्रधानाचार्य पद पर सीधी भर्ती का विरोध किया। सोमवार को स्कूलों में विरोध स्वरूप शिक्षकों ने शिक्षण कार्य नहीं किया। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि 5 सितंबर को कोई भी शिक्षक, शिक्षक दिवस नहीं मनाएगा और उस दिन सभी शिक्षक अपनी बाह पर काली पट्टी बांधकर विरोध भी जताएंगे।

## बंदरों और जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक से निजात दिलाने की मांग की

रुद्रप्रयाग। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने सोमवार को जिले में बंदरों और जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। समिति ने इस संदर्भ में डीएफओ को ज्ञापन भी सौंपा है। मुख्यालय स्थित डीएफओ कार्यालय में ज्ञापन देते हुए अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की प्रांतीय महामंत्री जयंती नेगी, मंडल संयोजक भावना रावत, कमला देवी, अनीता राणा, आशा देवी, अनिता रावत, विजयलक्ष्मी, बीरा, राखी देवी, सुरजी देवी, पूजा देवी आदि ने कहा कि जनपद के गौड़ रुद्रप्रयाग, तिलवाड़ा, सुमाड़ी, पन्द्रौला, रामपुर, ऊखीमठ, रुद्रप्रयाग सहित अनेक स्थानों में बंदरों का आतंक बना है जबकि कई जगहों पर सूअर, गुलदार और अन्य जंगली जानवरों की दहशत है। ग्रामीण जनता आतंकित है। आए दिन हो रही बंदरों के हमले की घटना से महिलाएं और बच्चे सुरक्षित नहीं है। कहा कि शीघ्र बंदरों को पकड़ने की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### आश्रम की कन्याओं का उपनयन और वेदारंभ संस्कार किया

रुड़की। मैत्रेयी कन्या गुरुकुलम वेदकुलम मुंडाखेड़ा खुर्द में सोमवार को उपनयन और वेदारंभ संस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आश्रम की कुल 52 छात्राओं का वैदिक रीति रिवाज से उपनयन और वेदारंभ शुरू कराया गया। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार से आए चंद्रप्रकाश और पूर्व जिला जज चौधरी राज सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि गुरुकुल हिंदुस्तान की प्राचीन शिक्षण प्रणाली की पहचान हैं। इनमें बच्चों को नैतिक और आध्यात्मिक रूप से योग्य बनाया जाता था ताकि वे घर, परिवार, राष्ट्र के साथ ही सनातन संस्कृति के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरा कर सकें। कहा कि गुरुकुल शिक्षण प्रणाली में बच्चों को चरित्रवान बनाया जाता था। इसी की वजह से ही भारत को पूरी दुनिया में विश्व गुरु का दर्जा मिला था।

### नाबालिग से जंगल में दुष्कर्म का प्रयास

रुड़की। पिरान कलियर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि एक सितंबर की रात को उसकी नाबालिक पोती शौच के लिए कमरे से उठी। उस समय परिवार के सभी लोग सो रहे थे। तभी उनका पडोसी युवक अपने घर की छत से उनके घर के अंदर आया और उसकी पोती का पीछे से आकर मुह बंद कर उसे गांव के जंगल में जबरदस्ती लेकर चला गया। उसके साथ एक अन्य युवक भी था। जब उसकी आंख खुली तो उसने देखा कि उसकी पोती वहां नही हैं। उसने अपनी पोती को तलाश करना शुरू कर किया तो उनका पड़ोसी युवक उसकी पोती को घर के पास ही छोड़कर फरार हो गए। पोती ने बताया कि दोनों युवकों ने उसके साथ अश्लील हरकतें कर दुष्कर्म का प्रयास किया। मना करने पर उसके साथ मारपीट की और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। उसका मुंह दबाकर घर से उठाकर जंगल में ले गए। एसओ दिलवर सिह नेगी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### रुड़की के अभिनव और शौर्य ने जर्मनी में जीता पदक

रुड़की। जर्मनी के हैनओवर में चल रही वर्ल्ड डेफ शूटिंग चैंपियनशिप में रुड़की के अभिनव देशवाल और शौर्य सैनी ने रजत पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। सभी लोग अब इन दोनों खिलाड़ियों से गोल्ड की उम्मीद कर रहे हैं। शौर्य सैनी ने 10 मीटर एपर-राईफल की व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया है। ये चैपियनशिप 28 अगस्त से शुरू हुई और 08 सितम्बर तक चलेगी। इसके अतिरिक्त शौर्य 50 मीटर रायफल की व्यक्तिगत स्पर्धा में भी खेलेंगे। ये स्पर्धा तीन और पांच सितम्बर को होगी। इसमें वह स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार हैं। वर्तमान में वह रुड़की में रहते हैं। रुड़की के ही अभिनव देशवाल ने 10 मीटर एयर पिस्टल के व्यक्तिगत और मिक्स स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया है।

### हिमालय बचाओ अभियान में सभी करें सहयोग

रुड़की। हिमालय बचाओ अभियान के तहत चौधरी भरत सिंह डीएवी इंटर कॉलेज झबरेड़ा में सोमवार को 1200 छात्र छात्राओं और शिक्षकों ने हिमालय बचाने, पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पौधे लगाने की शपथ ली। कॉलेज के प्रधानाचार्य ओम सिंह सैनी ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को हिमालय बचाने, पौधे लगाकर पर्यावरण को शुद्ध करने की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि सभी को हिमालय बचाओ अभियान में सहयोग करना चाहिए। पर्यावरण शुद्ध रहेगा तो मनुष्य को ऑक्सीजन मिलती रहेगी। सभी देशवासियों को पौधे लगाकर उनके संरक्षण करने का भी संकल्प लेना चाहिए।

### शिक्षक और छात्रों ने ली हिमालय बचाने की प्रतिज्ञा

रुड़की। कलियर क्षेत्र के महेवड़ कलां गांव स्थित शिक्षा सदन इंटर कॉलेज में सोमवार को छात्र-छात्राओं और अध्यापकों ने हिमालय बचाओ की शपथ ली। इस कार्यक्रम में करीब साढ़े पांच सौ के छात्रों ने शपथ ली। सोमवार को शिक्षा सदन इंटर कॉलेज महेवड़ कलां के प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने कहा कि हिमालय हमारे देश का मस्तक है। हमारे देश की आन बान और शान है। हिमालय को सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेदारी है। हमें पर्यावरण को साफ रखने के लिए अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। हम सभी देशवासियों का कर्तव्य है कि प्रतिज्ञा लेकर पर्यावरण दूषित होने से बचाना चाहिए।

# डीआईटी यूनिवर्सिटी, देहरादून ने 2025 बैच के लिए कैंपस प्लेसमेंट शुरू किया






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 03 सितम्बर : डीआईटी यूनिवर्सिटी उच्च शिक्षा में अग्रणी संस्थान ने, 2025 शैक्षणिक वर्ष के लिए अपने कैंपस प्लेसमेंट सीजन की शुरुआत की घोषणा की । यह विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि यह मजबूत उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देना जारी रखता है और अपने छात्रों के लिए आशाजनक कैरियर के अवसर सुनिश्चित करता है ।डीआईटी यूनिवर्सिटी में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में सूचना प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, फार्मास्यूटिकल्स, वित्त और विनिर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों की अग्रणी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों की एक विविध श्रृंखला होगी। ये कंपनियाँ इंजीनियरिंग, प्रबंधन, फार्मेसी, वास्तुकला और अनुप्रयुक्त विज्ञान जैसे विषयों में विश्वविद्यालय के स्नातकों के पूल से शीर्ष प्रतिभाओं की भर्ती करने के लिए तैयार हैं जिसकी मुख्य विशेषताएं है

उद्योग की भागीदारीः इस वर्ष के प्लेसमेंट ड्राइव में 200 से अधिक कंपनियों के भाग लेने की उम्मीद है, जो विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए कई तरह की भूमिकाएँ और करियर के रास्ते पेश करेंगी। छात्र तैयारीः डीआईटी यूनिवर्सिटी ने छात्रों को चयन प्रक्रियाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल और आत्मविश्वास से लैस करने के लिए व्यापक प्री-प्लेसमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए हैं। इन कार्यक्रमों में तकनीकी कार्यशालाएँ, मॉक इंटरव्यू, रिज्यूमे-बिल्डिंग सेशन और सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट शामिल हैं ।सहयोगः छात्रों को सर्वश्रेष्ठ करियर अवसरों तक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय उद्योग के धुरंधरों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना जारी रखता है। कॉग्निजेंट, एक्सेंचर, जसपे, डेलोइट, केपीएमजी, एकोलाइट इत्यादि जैसी कई शीर्ष कॉर्पोरेट कंपनियों ने इस साल के प्लेसमेंट अभियान में अपनी भागीदारी की पुष्टि पहले ही कर दी है। छात्र सफलताः पिछले साल, डीआईटी यूनिवर्सिटी ने रिकॉर्ड प्लेसमेंट दर देखी, जिसमें कई छात्रों को कई ऑफ़र और प्रतिष्ठित पैकेज मिले।

इस अवसर पर बोलते हुए, डीआईटी यूनिवर्सिटी में कैरियर सेवा एवं विकास केंद्र के डीन, श्री प्रवीण सैवाल ने आगामी प्लेसमेंट सीजन के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ₹हम एक और सफल प्लेसमेंट सीजन की शुरुआत करने के लिए उत्साहित हैं।

हमारा ध्यान अकादमिक उत्कृष्टता और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच के गैप को भरने पर है, यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारे छात्र आधुनिक कार्यस्थल की मांगों को पूरा करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। हमें विश्वास है कि इस वर्ष का प्लेसमेंट अभियान हमारे स्नातकों के लिए नए दरवाजे खोलेगा और उन्हें अपने कैरियर की आकांक्षाओं को प्राप्त करने में मदद करेगा। प्लेसमेंट के अलावा, हम विविध कैरियर लक्ष्यों वाले छात्रों का समर्थन करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं, चाहे वे GATE, CAT, UPSC परीक्षाओं या बैंकिंग प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रहे हों। हाल ही में हमारे बैचों के कई छात्र UPSC, SSB और बैंकिंग परीक्षाओं में चुने गए हैं। हम अपने छात्रों को इन वैकल्पिक कैरियर पथों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल और मार्गदर्शन से लैस कर रहे हैं।₹ अगस्त के पहले सप्ताह से ही प्लेसमेंट अभियान शुरू हो चुका है, जिसमें विश्वविद्यालय की समर्पित कैरियर सेवा और कैरियर विकास सेल से निरंतर समर्थन मिल रहा है, जो छात्रों और भर्तीकर्ताओं दोनों के लिए एक सहज और सफल प्लेसमेंट प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास करता है।

## कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने चनौदा में स्वतंत्रता सेनानी स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

अल्मोड़ा। कैबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक रेखा आर्या ने सोमेश्वर बोरारो घाटी के चनौदा में स्वतंत्रता सेनानी स्मारक पहुँचकर शहीद स्वन्त्रता संग्राम सेनानियों को पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि आर्पित की। स्वतंत्रता सेनानी शहीद दिवस पर बोलते हुए मंत्री रेखा आर्य ने कहा यह दिन बेहद ऐतिहासिक है क्योंकि अगर हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति न दी होती तो आज हम भारत माता की जय का उद्घोष भी नहीं कर पाते और मुझे बेहद गर्व है कि मैं सोमेश्वर के बोरारो घाटी की बेटी हूं जहां मेरा जन्म हुआ। जहां के सैकड़ों स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी की लड़ाई में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को संबोधित करते हुए मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सोमेश्वर विधानसभा के अंतर्गत सोमेश्वर की जनता के लिए विकास के अभूतपूर्व कार्य करने के लिए प्रयासरत हूँ। मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि मुझे यह अवगत कराते हुए बेहद खुशी हो रही है कि जब से सोमेश्वर की देवतुल्य जनता ने मुझे अपना आशीर्वाद दिया है तब से लगातार हम क्षेत्र के विकास के लिए अग्रसर है और सोमेश्वर के अंतर्गत मठ, पुल समेत अनेकों ऐसे पुल हैं जिनका या तो निर्माण चल रहा है या फिर लोकार्पण हो चुका है। हमारी सरकार कार्यशैली में विश्वास रखती है। हम जिस विकास कार्य का भूमि पूजन करते हैं उसका लोकार्पण भी करते हैं और उसका उद्घाटन भी हम करते हैं। समय बदल चुका है अगर कार्य करने की इच्छा शक्ति हो और क्षेत्रीय देव तुल्य जनता का साथ हो तो कोई भी ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती जो विकास के रास्ते में रोड़ा बने। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद कुंजवाल, पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप टम्टा, मंडल अध्यक्ष अंजली जोशी, जिला पंचायत सदस्य गीता जोशी, विधायक प्रतिनिधि भुवन जोशी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बालम भाकुनी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की वीरांगना धना बोरा, राजेंद्र बाराकोटी, कुंदन भंडारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता लाल सिंह बजेठा, सुरेंद्र सिंह भाकुनी, प्रकाश भंडारी, चंदन बोरा, वीरेंद्र बोरा समेत तमाम संगठन के कार्यकर्ता और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन मौजूद रहे।

## एआईसी में लगा हेल्थ कैंप, विद्यार्थियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा इंटर कालेज में लगे हेल्थ कैंप में समस्त विद्यार्थियों का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य विभाग से आई टीम ने जांच के बाद निशुल्क दवाओं का भी वितरण किया। ए.आई.सी. के मुख्य सभागार में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अल्मोड़ा की टीम द्वारा सभी विद्यार्थियों के लिए एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थियों की लंबाई, वजन एवं संपूर्ण शरीर का परीक्षण किया गया तथा उन्हे स्वास्थ्य संबंधी जानकारीयां प्रदान की गयी। सभी विद्यार्थियों का आवश्यकतानुसार दवाइयां भी वितरित की गई। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के डॉ सीएस जोशी, डा तनुजा, फार्मासिस्ट योगेश भटट्, मुकुल जोशी, स्टाफ नर्स गीता रौतेला मौजूद रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक सुशील कुमार जोशी, कार्यकारिणी सदस्य संजय कुमार पाण्डे, आशीष जोशी, दयाकृष्ण कांडपाल सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय रावत, शिक्षक मनमोहन चौधरी, प्रकाश चन्द्र खोलिया, राजेश आर्या, मनीष नेगी, राजेन्द्र टाकुली, ममता धींगा, सरिता साह उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अल्मोड़ा एवं संजय कुमार पांडे का इस शिविर के सफल संचालन हेतु आभार व्यक्त किया।

## पुरानी पेंशन बहाली हेतु पांच दिवसीय काली पट्टी कार्यक्रम शुरू

अल्मोड़ा। एनएमओपीएस उत्तराखंड के आह्वान पर अल्मोड़ा में पांच दिवसीय काली पट्टी कार्यक्रम शुरू हो गया है। सरकार की नीतियों के विरोध में यह कार्यक्रम अगले चार दिन भी जारी रहेगा। सरकार द्वारा ओपीएस के स्थान पर यूपीएस जारी की गई है जिसका एनएमओपीएस उत्तराखंड व राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा विरोध किया जा रहा है। संशोधित यूपीएस किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जायेगी। जिला अध्यक्ष गणेश भंडारी व सचिव भूपाल सिंह चिलवाल ने बताया कि सम्पूर्ण जनपद में यह कार्यक्रम चल रहा है। प्रांतीय कोर कमेटी सदस्य धीरेन्द्र कुमार पाठक ने बताया कि सम्पूर्ण उत्तराखंड में यह कार्यक्रम चल रहा है सभी सदस्यों द्वारा इसमें भागीदारी की जा रही है। डॉ मनोज कुमार जोशी संरक्षक व एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर्स एसोसिएशन कुमाऊँ मण्डल नैनीताल के अध्यक्ष श्री पुष्कर सिंह भैसोड़ा ने बताया कि सभी संगठनों द्वारा भी पूर्ण भागीदारी की जा रही है।

## मंदिर कमेटी की छवि धूमिल करने पर कानूनी कार्यवाही की चेतावनी

अल्मोड़ा। मां नंदा देवी मंदिर कमेटी ने हिदायत दी है कि यदि किसी संस्था द्वारा मंदिर कमेटी के खिलाफ अनर्गल व बेबुनियाद टिप्पणी/बयानबाजी कर छवि धूमिल करने की कोशिश की गई, तो उसके खिलाफ मंदिर कमेटी कानूनी कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगी। रविवार को गीता भवन में नंदादेवी मंदिर कमेटी की एक बैठक आहूत की गई। जिसमें कहा गया कि कुछ संस्थाओं द्वारा कमेटी के खिलाफ अनर्गल व झूठी बयानबाजी कर छवि धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। इस पर सख्त ऐतराज करते हुए ऐसे प्रयासों की भर्त्सना की गई। कमेटी पर लगाए आरोपों को सिरे से नकारा गया। बैठक में कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि नंदादेवी मंदिर समिति एक रजिस्टर्ड संस्था है और इसके पदाधिकारी व सदस्य का चुनाव रजिस्ट्रार के नियमों के अनुसार होता है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को लेकर कर्नाटक ने मेडिकल कॉलेज में दिया धरना

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग को लेकर उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने आज अपनी समर्थकों के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य कक्ष के बाहर धरना दिया तथा स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की पुरजोर मांग की। उन्होंने प्राचार्य को उनके कक्ष में ही बंद कर दिया। इस अवसर पर धरने को संबोधित करते हुए कर्नाटक ने कहा कि अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज की स्थापना यहां इसलिए करवाई गई थी कि अल्मोड़ा सहित रानीखेत, द्वाराहाट, पिथौरागढ़, धारचूला, मुनस्यारी, चंपावत, डीडीहाट सहित समस्त पर्वतीय क्षेत्र के लोगों को अल्मोड़ा में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। लेकिन मेडिकल कॉलेज के नाम पर बनी कंक्रीट की बिल्डिंग आज लोगों को सामान्य उपचार देने में भी असफल साबित हो रही है। कर्नाटक ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में प्रसव के लिए आ रही महिलाओं को चिकित्सक उन्हें बिना जांचे परखे सीधे हल्द्वानी रेफर कर दे रहे हैं। सायं चार बजे बाद जितने दुर्घटना आदि के मरीज आ रहे हैं उन्हें इमरजेंसी कक्ष से ही हल्द्वानी रेफर कर दिया जा रहा है जो मेडिकल कॉलेज प्रशासन की लापरवाही को स्पष्ट प्रदर्शित करता है। कर्नाटक ने कहा कि प्राचार्य कहते हैं कि जनवरी प्रथम सप्ताह से मेडिकल कॉलेज में ब्लड बैंक प्रारंभ हो जाएगा लेकिन आज आठ माह बाद भी मेडिकल कॉलेज में ब्लड बैंक शुरू नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि यदि प्राचार्य मेडिकल कॉलेज में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में लगातार असफल साबित हो रहे हैं तो वे जनहित में अपने पद से इस्तीफा दे दें। कर्नाटक ने कहा कि यदि अक्टूबर माह के द्वितीय सप्ताह तक इन सभी समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो वह अक्टूबर माह के तृतीय सप्ताह में आमरण अनशन करने को बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मेडिकल कॉलेज प्रशासन की होगी। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य के स्वास्थ्य सुविधाएं दुरुस्त करने के आश्वासन के बाद धरना स्थगित हुआ। धरने में लीलाधर काण्डपाल, पूरन चन्द्र तिवारी, रमेश चंद्र जोशी, जगदीश चन्द्र तिवारी, हयात सिंह बिष्ट, दिनेश चंद्र जोशी, देवेन्द्र कर्नाटक, दीपक पोखरिया, गणेश लाल, कमल बिष्ट, रोहित शैली, राकेश बिष्ट, हेम जोशी, असलम खान, वीरेंद्र कार्की आदि उपस्थित रहे।

### नंदादेवी मेले को लेकर राजनीति ना करें कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधि

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा नगर में नंदा देवी मेले का एडम्स मैदान में न होने को लेकर कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों द्वारा भारतीय जनता पार्टी सरकार को कटघरे में खड़ा करने पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल व जिला पदाधिकारियों ने कड़ी भर्त्सना की है। नगर अध्यक्ष अमित साह मोनू ने कहा कि नंदा देवी मेले के आयोजन में सभी दलों के लोग निस्वार्थ भाव से सहयोग करते हैं परंतु कांग्रेस के जनप्रतिनिधि मेले को लेकर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नन्दा देवी मेले में उपजा विवाद कुछ लोगों द्वारा किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी ने कहा कि कांग्रेस पदाधिकारी बयान देकर कह रहे हैं कि सनातनी सरकार के राज्य में यह व्यवधान आ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पदाधिकारियों को स्पष्ट करना चाहिए कि वह सनातनी हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि नंदा देवी मेले को किसी पार्टी, सरकार से जोड़ना पूर्णतया गलत है। नंदादेवी मेले की वर्षों से चली आ रही परंपरा को निर्बाध रूप से आगे बढ़ाने के लिए निस्वार्थ भावना से काम करना चाहिए। इस अवसर पर जिला धर्मेंद्र बिष्ट, जिला मंत्री महेश बिष्ट, देवाशीष नेगी, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र बिष्ट, नमो ऐप संयोजक कृष्ण बहादुर सिंह, नगर महामंत्री अर्जुन बिष्ट, मनोज जोशी, नगर उपाध्यक्ष सौरव वर्मा, जगत भट्ट, नरेंद्र बिष्ट, चंदन रावत, नगर मंत्री दिशांत पवार, नगर कोषाध्यक्ष दिनेश मठपाल, नगर मीडिया प्रभारी अशोक गोस्वामी, सोशल मीडिया प्रभारी आशीष गुरुरानी, पंकज जोशी आदि मौजूद रहे।

# देहरादून : तुनवाला चौक पर M.S. फर्नीचर शोरूम का उद्घाटन हुआ

**अरशद मलिक**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 03 सितम्बर : तुनवाला चौक निकट शाकुम्भरी गार्डन ,नहर वाली रोड रायपुर देहरादून में M,S फर्नीचर शोरूम का उद्घाटन सहनवाज मलिक ,अनीस अहमद ,पत्रकार अरशद मलिक , शादान मलिक , ने किया। शोरूम में दुआ कराई गई दुआ में आसपास के गणमान्य लोग उपस्थित हुए शोरूम के ऑनर सलमान मालिक ने बताया की हमारे M,S फर्नीचर शोरूम तुनवाला चौक निकट शाकुम्भरी गार्डन ,नहर वाली रोड रायपुर देहरादून में खोला गया है इसका सबसे बड़ा फायदा तुनवाला चौक एवं आसपास के लोगों को सस्ते एवं अच्छे फर्नीचर का फायदा मिलेगा।

हमारे फर्नीचर शोरूम में सोफा सेट, सोफा कम्बेड ,बेड , चादर ,गद्दा एवं फर्नीचर से संबंधित सारी रेंज उपलब्ध है जो विदेश के तर्ज पर बनाए गए हैं यहां के क्षेत्रीय लोगों जो की आसपास इलाकों मैं रहने वालों को शहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी शहर के फर्नीचर दुकानों से मेरे यहां एक से बढ़कर एक वैरायटी रखी गया है। ऐसे के साथ सहनवाज मलिक ने बताया कि बाहर से आने वाले फर्नीचर ग्राहकों के लिए M,S फर्नीचर तुनवाला में ही अच्छी सुविधा मिल जाएगी यह क्षेत्र ग्रामीण इलाका है क्षेत्रीय लोगों को फर्नीचर एवं घर सजावट के समान के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

उनकी सुविधा के लिए M,S फर्नीचर प्रतिष्ठान खोला गया है जिससे क्षेत्रीय लोगों को सुविधा मिले यह एक ऐसा फर्नीचर शोरूम है जहा विदेशी मॉडल में भी फर्नीचर उपलब्ध है वैसे तो फर्नीचर के बहुत से प्रतिष्ठान है लेकिन M,S फर्नीचर एक अलग प्रतिष्ठान के रूप में यहां के ग्रामीण क्षेत्रीय लोगों को सेवा प्रदान करेगा। उद्घाटन के समय सहनवाज मलिक ,अनीस अहमद ,पत्रकार अरशद मलिक , शादान मलिक ,सरहान मलिक , उस्मान अन्य लोग मौजूद रहे।




## शहीद आंदोलनकारियों को उलोवा ने दी श्रद्धांजलि

अल्मोड़ा। खटीमा व मंसूरी तथा मुजफ्फरनगर कांड के विरोध में सोमवार को उत्तराखंड लोक वाहिनी ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उलोवा के वरिष्ठ नेता जगत रौतेला ने कहा कि 1994 में राज्य आंदोलन के दौरान एक व दो सितंबर को खटीमा तथा मसूरी में राज्य आंदोलनकारियों पर तत्कालीन सरकार द्वारा दमन चक्र चलाया गया, जिसमें कई आंदोलनकारियों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि शहादत के इतने वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद भी उत्तराखंड राज्य की मूल अवधारणा पूर्ण नहीं हुई है।

पहाड़ की कुछ विशेष उन्नति नहीं हुई है उन्होंने कहा जब तक उत्तराखंड की राजधानी गैरसैंण में नहीं बनाई जाती तब तक राज्य आंदोलन के प्रमुख उद्देश्य पूर्ण नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखंड में पलायन बहुत तेजी से हो रहा है, रोजगार के अवसर स्थापित नहीं हुए हैं। रोजगार के अवसर प्रतिदिन कम होते चले जा रहे हैं, यदि हालात ऐसे ही रहे तो एक और जन आंदोलन होने की संभावना बढ़ जाएगी। राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों के लोग अपने को ठगा महसूस करने लगे हैं। इस अवसर पर जंगबहादुर थापा, रेवती बिष्ट, अजयमित्र सिंह बिष्ट, दयाकृष्ण काण्डपाल, हारिश मुहम्मद, अजय मेहता आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# सियासी जमीन की कोशिश

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिली हार के बाद उपचुनाव से पहले संगठन को सुदृढ़ करने की दिशा में कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। पिछले ढाई वर्षों से लंबित पड़ी राजनैतिक नियुक्तियों का सिलसिला अब प्रदेश में आरंभ हो गया है। इन नियुक्तियों के माध्यम से योगी सरकार बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं को विभिन्न निगम, आयोग, और बोर्ड में चेयरमैन और सदस्य के रूप में नियुक्त करके उन्हें संतुष्ट करने की कोशिश में जुटी हुई है। यह रणनीति सरकार द्वारा सामाजिक समीकरणों को फिर से मजबूत करने की एक महत्वपूर्ण योजना मानी जा रही है। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार का दूसरा कार्यकाल 25 मार्च 2022 को आरंभ हुआ था। इसके बाद से ही बीजेपी कार्यकर्ता राजनैतिक नियुक्तियों की प्रतीक्षा कर रहे थे। हालांकि, सरकार और संगठन के बीच तनातनी के कारण आयोग में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, और सदस्यों के नामों पर सहमति नहीं बन पा रही थी। हाल ही में लखनऊ में संघ, सरकार, और संगठन के बीच हुई एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद राजनैतिक नियुक्तियों का यह सिलसिला शुरू किया गया है। योगी सरकार ने सबसे पहले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन किया। इसके बाद पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, और सदस्यों की नियुक्ति की गई। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष की भी नियुक्ति की गई है। यह नियुक्तियां ढाई साल के अंतराल के बाद की गई हैं, जिससे प्रदेश के राजनैतिक समीकरणों को साधने की कवायद की जा रही है। उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष के रूप में सीतापुर के पूर्व सांसद राजेश वर्मा को नियुक्त किया गया है। साथ ही मिर्जापुर के सोहन लाल श्रीमाली और रामपुर के सूर्य प्रकाश पाल को उपाध्यक्ष नामित किया गया है। इसके अलावा आयोग में 24 अन्य सदस्यों को भी शामिल किया गया है, जिनमें सत्येंद्र कुमार बारी, मेलाराम पवार, फुल बदन कुशवाहा, विनोद यादव, शिव मंगल बयार, अशोक सिंह, ऋचा राजपूत, चिरंजीव चौरसिया, रवींद्र मणि, आरडी सिंह, कुलदीप विश्वकर्मा, लक्ष्मण सिंह, विनोद सिंह, रामशंकर साहू, डॉ. मुरहू राजभर, घनश्याम चौहान, जनार्दन गुप्ता, बाबा बालक, रमेश कश्यप, प्रमोद सैनी, करुणा शंकर पटेल, महेंद्र सिंह राणा और राम कृष्ण सिंह पटेल शामिल हैं। योगी सरकार ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग का भी गठन किया है। बाराबंकी के पूर्व विधायक बैजनाथ रावत को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि गोरखपुर के पूर्व विधायक बेचन राम और सोनभद्र के जीत सिंह खरवार को उपाध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है। इसके अलावा आयोग में 17 अन्य सदस्यों की भी नियुक्ति की गई है, जिनमें हरेंद्र जाटव, महिपाल बाल्मीकि, संजय सिंह, दिनेश भारत, शिव नारायण सोनकर, नीरज गौतम, रमेश कुमार तूफानी, नरेंद्र सिंह खजूरी, तीजाराम, विनय राम, अनिता राम, रमेश चंद्र, मिठाई लाल, उमेश कठेरिया, अजय कोरी, जितेंद्र कुमार, और अनिता कमल शामिल हैं। गोरखपुर यूनिवर्सिटी के समाजशास्त्र विभाग की प्रोफेसर कीर्ति पांडेय को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के बाद बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग में लंबित पदों पर भर्ती की प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है। उपचुनाव से पहले योगी सरकार ने इन राजनैतिक नियुक्तियों के माध्यम से सियासी समीकरणों को साधने की कोशिश शुरू कर दी है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# उत्तराखंड : बंगाल के मुख्य सचिव बने पहाड़ के मनोज पंत

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून 03 सितम्बर : पश्चिम बंगाल के प्रशासनिक प्रमुख के रूप में उत्तराखंड के आईएएस अधिकारी मनोज पंत की नियुक्ति हुई है। 1991 बैच के पंत को उनके अनुभव और कौशल के आधार पर यह जिम्मेदारी दी गई है।आईएएस अधिकारी मनोज पंत को राजस्थान के बाद अब पश्चिम बंगाल के प्रशासनिक प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया है।

जनपद पिथौरागढ़ के रहने वाले मनोज पंत 1991 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वे पहले भी बंगाल के विभिन्न जिलों में जिलाधिकारी रह चुके हैं और वित्तीय मामलों के अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ भी हैं। इसके अतिरिक्त पंत ने भारत सरकार में कैबिनेट सचिवालय में प्रधान सचिव वित्त विभाग के रूप में और विश्व बैंक में भी अपनी सेवाएं दी हैं।मनोज पंत आईआईटी रुड़की से मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी में गोल्ड मेडलिस्ट हैं और अमेरिका के एक प्रमुख विश्वविद्यालय से पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री प्राप्त हैं, उन्होंने पूर्व में राजस्थान के मुख्य सचिव का पद भी संभाला है। उनके बंगाल के मुख्य सचिव बनने से समूचे पहाड़ में खुशी का माहौल है।

# डीएम सोनिका अध्यक्षता में हुआ जनसुनवाई का आयोजन,118 शिकायत प्राप्त

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में आज ऋषिपर्णा सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में आज 118 शिकायत प्राप्त हुई, जिनमें अधिकत्तर शिकायत, भूमि संबंधी प्राप्त हुई, इसके अतिरिक्त, भूमि सीमांकन, अवैध अतिक्रमण, आपसी विवाद, भरणपोषण, जल संस्थान, विद्युत, एमडीडीए, शिक्षा, लोनिवि, नगर निगम,एमडीडीए आदि विभागों से संबंधित प्राप्त हुई। विकास नगर क्षेत्रानर्गत अनुसूचित जाति के व्यक्ति की भूमि बिना अनुमति लिए, बाहरी व्यक्ति को विक्रय किए जाने की शिकायत प्राप्त हुईं, जिस पर उप जिलाधिकारी विकासनगर नगर को पत्रावाली प्रस्तुत करने तथा छरबा में सरकारी भूमि पर खुट्टी लगाकर कब्जा करने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी विकासनगर को मौका मुआवना करने के निर्देश दिए। वहीं तहसील ऋषिकेश के गडुल में परिजनों द्वारा भूमि कब्जा करने, तथा मारपीट किए जाने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी ऋषिकेश को कार्यवाही के निर्देश दिए। राजपुर रोड पर कई स्थानों में डिवाइडर क्षतिग्रस्त होने से दुर्घटना की संभावना बने रहने की शिकायत पर लोनिवि को कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार राजपुर रोड में जल संस्थान की लाईन क्षतिग्रस्त होने की शिकायत पर जल संस्थान को पेयजल लाईन ठीक करने के निर्देश दिए।

पल्टन बाजार में फुटपाथ पर अतिक्रमण की शिकायत पर जिलाधिकारी ने पुलिस को कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। देहराखास बस्ती में नदी पर अतिक्रमण करते हुए नदी का संकरा किये जाने की शिकायत पर तहसीलदार सदर, नगर निगम को कार्यवाही के निर्देश दिए। नकरोंदा में एसटीपी प्लांट की भूमि के समीप नाले को पाटकर अतिक्रमण किये जाने की शिकायत पर राजस्व विभाग के अधिकारियों को मौका मुआवना कर वस्तुस्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में मुख्य विकास सुश्री झरना कमठान, अपर मुख्य नगर अधिकारी नगर निगम बीर सिंह बुदियाल, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार, उप जिलाधिकारी न्यायय हरगिरि सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अनामिकता, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायतीराज अधिकारी विद्याधर सोमनाल, अधि अभि विद्युत राकेश कुमार, लोनिवि, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, आदि सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड में कानून व्यवस्था होगी सख्त और मुस्तैद : एपी अंशुमान, एडीजी (कानून व्यवस्था)

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 3 सितंबर , अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था उत्तराखण्ड एपी अंशुमान ने पुलिस मुख्यालय में वीडियो कान्फ्रेन्स के माध्यम से पुलिस महानिरीक्षक, अभिसूचना, पुलिस महानिरीक्षक, गढ़वाल परिक्षेत्र, पुलिस उपमहानिरीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, समस्त वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, उत्तराखण्ड, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0, पुलिस अधीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, पुलिस अधीक्षक, रेलवेज एवं पुलिस उपाधीक्षक, अपराध, पुलिस मुख्यालय के साथ बैठक कर राज्य में अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की गयी। समीक्षा के उपरान्त अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, उत्तराखण्ड ने दिए कई निर्देश






1- दिनांकः 01-09-2024 को जनपद हरिद्वार में घटित घटना के अनावरण, अपराधियों की सुरागरसी/पतारसी, अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु जनपदीय टीमों के साथ-साथ एस0टी0एफ0 की टीम को भी नियुक्त करते हुए घटना का गुणदोष के आधार पर शीघ्र अनावरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त के अतिरिक्त सम्बन्धित थाने की गस्त, चीता, पुलिस पिकेट आदि की डयूटी चार्ट आदि का विश्लेषण कर डयूटी में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, नगर से जांच कराते हुए दोषी कार्मिकों के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्यवाही किये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, हरिद्वार को निर्देश दिये गये।

2- शराब के ठेकों के आस-पास एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर शराब का सेवन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही सम्पादित कराने के साथ-साथ ठेकों के आस-पास गस्त, चीता आदि के माध्यम से पैट्रोलिंग कराते हुए पुलिस की टीम गठित कर सम्भावित स्थानों पर दबिश देकर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश दिये गये।

3- दो समुदायों से सम्बन्धित प्रकरणों में कानून व्यवस्था प्रभावित होने एवं किसी भी घटना के घटित होने पर किसी भी धर्म विशेष एवं वर्ग के व्यक्तियों द्वारा बहुत अधिक संख्या में एक स्थान पर एकत्रित होने को गम्भीरता से लेते हुए वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक तत्काल पर्याप्त संख्या में सम्बन्धित थाने एवं उसके निकटवर्ती थानों से पुलिस बल को मौके पर नियुक्त करते हुए दिनांकः 27-08-2024 को पुलिस मुख्यालय द्वारा भीड़ प्रबन्धन के सम्बन्ध में प्रेषित एस0ओ0पी0 का गहनता से अवलोकन कर दिये गये दिशा-निर्देशों का नियमानुसार अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे।

4- अभियोगों में प्रेषित आरोप पत्र/अन्तिम रिपोर्ट को ई-फाईलिंग अथवा Manually 15 दिवस के अन्दर अभियोजन कार्यालय के माध्यम से सक्षम न्यायालयों में भेजे जाने तथा लम्बे समय से मा0 न्यायालयों में विचाराधीन सिविल तथा भूमि विवाद आदि से सम्बन्धित प्रकरणों में बी0एन0एस0एस0 2023 में उल्लिखित व्यवस्थाओं के अनुरुप प्रारम्भिक जांच के उपरान्त ही नियमानुसार प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत किये जाने के सम्बन्ध में इस मुख्यालय द्वारा प्रेषित निर्देशों के अनुरुप कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

5- जनपदों में घटित आपराधिक घटनाओं पर तत्काल नियमानुसार अभियोग पंजीकृत/जांच की कार्यवाही सम्पादित कराते हुए अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही करने के साथ-साथ जनपद प्रभारी कानून व्यवस्था सम्बन्धी डाटा की भी स्वंय समीक्षा करना सुनिश्चित करें।

6- जनपदों में शान्ति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत थानावार शान्ति समितियों एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठकें आयोजित किये जाने एवं पूर्व में घटित घटनाओं का भी संज्ञान लेकर सतर्कता बरतते हुए साम्प्रदायिक सौहार्द एवं शान्ति/कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये गये।

7- सोशल मीडिया पर प्रसारित शान्ति एवं कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली पोस्टों एवं फेक न्यूज की नियमित रुप से मॉनिटरिंग किये जाने तथा भ्रामक पोस्टों के तत्काल खण्डन की कार्यवाही करते हुए पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्गत एस0ओ0पी0 के अनुरुप कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये।

8- जनपदों में घटित अपराधों की स्वंय समीक्षा करते हुए अपराधों का शीघ्र गुण-दोष के आधार पर अनावरण किये जाने, घटना की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दिये जाने तथा डयूटी में लापरवाही बरतने वाले सम्बन्धित कार्मिकों का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए उनके विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्यवाही किये जाने हेतु समस्त वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया गया।

# पांच लाख बेटी बहन व के हस्ताक्षर पत्र भेजे जायेंगे राष्ट्रपति को : धस्माना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




- महिला अपराधों के खिलाफ कांग्रेस चलाएगी प्रदेश व्यापी आंदोलन
- सल्ट शनात्रशाह हल्द्वानी व अंकिता कांड का जिक्र कर भाजपा पर हमला

देहरादून , 3 सितंबर , उत्तराखंड राज्य में लगातार घट रही महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीडन,बलात्कार,हत्या, दहेज हत्या जैसे जघन्य अपराधों की बाड़ आई हुई है और प्रदेश भर के महिला वर्ग में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है क्योंकि अनेक मामलों में अपराधी भारतीय जनता पार्टी सरकार के दायित्वधारी या पदाधिकारी हैं और सत्ताधारी दल से जुड़े हुए होने के कारण उनके विरुद्ध या तो मामला दर्ज नहीं होता या जिस प्रकार की कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए वो होती नहीं जिसके कारण आज राज्य भर में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की बाड़ सी आ गई है यह बात कहते हुए उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने भारतीय जनता पार्टी सरकार व संगठन पर जबरदस्त हमला बोलते हुए कहा कि अब महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों को उनकी पार्टी देश की महामहिम राष्ट्रपति के दरबार तक ले जायेगी।

धस्माना ने घोषणा की कि उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण माहरा के आह्वाहन पर चल रहे आंदोलन की कड़ी में पार्टी उत्तराखंड में पिछले दो सालों में राज्य में महिलाओं के खिलाफ घटित जघन्य अपराधों जैसे यौन उत्पीडन ,बलात्कार,हत्या , दहेज हत्या के मामलों का संकलन कर एक पत्र तैयार करेगी जिसमें राज्य की पांचों लोकसभा सीटों से एक एक लाख बेटी बहन व माताओं के हस्ताक्षर करवा कर महामहिम राष्ट्रपति को भेजेंगे जिसकी प्रतिलिपि देश के उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व देश के गृहमंत्री को भी भेजी जाएगी। धस्माना ने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि महामहिम राष्ट्रपति महिला प्रधान प्रदेश उत्तराखंड की महिलाओं की पीड़ा को जानें व देश की सरकार को उत्तराखंड की महिलाओं की सुरक्षा के लिए निर्देश दें।

धस्माना ने कहा कि महामहिम राष्ट्रपति जी ने कलकत्ता में घटित महिला डाक्टर जैसे जघन्य कांड का संज्ञान लिया और उसकी निंदा की व महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता जाहिर की जो अच्छी बात है किंतु उसी तरह का जघन्य अपराध उत्तराखंड में अंकिता भंडारी के साथ हुए और हर रोज कोई न कोई बच्ची बहन ऐसे अपराधों की शिकार हो रही है किंतु राज्य सरकार का रवैया बहुत उदासीन है और लगातार बड़ रहे ऐसे मामलों में कई मामलों में राज्य सरकार के दायित्वधारी,भाजपा के पदाधिकारी भी शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि देश भर में चर्चित अंकिता भंडारी बलात्कार व हत्या कांड में भाजपा के पदाधिकारी और राज्य में सरकार के दायित्वधारी शामिल हैं और इस पूरे प्रकरण में शामिल किसी वीआईपी की संलिप्तता की सीबीआई जांच की मांग पूरे राज्य की जनता करती आ रही थी किंतु राज्य सरकार ने उसे अनसुना कर दिया। धस्माना ने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि महामहिम राष्ट्रपति उत्तराखंड राज्य में महिलाओं की पीड़ा को सुनें और आवश्यक कार्यवाही करें। श्री धस्माना ने कहा कि कांग्रेस शीघ्र राष्ट्रपति को भेज जानी वाली चिट्ठी का ड्राफ्ट जनता के समक्ष रखेगी व तत्पश्चात प्रदेश के हर ब्लॉक हर ग्राम पंचायत व हर वार्ड से उसमें बेटियों बहनों और माताओं के हस्ताक्षर करवा कर उसे महामहिम राष्ट्रपति को भेजेगी। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सरदार अमरजीत सिंह, प्रवक्ता शीशपाल सिंह , सुलेमान, गिरिराज किशोर, गुल मोहम्मद उपस्थित रहे।

## जल जीवन मिशन एवं लोक निर्माण विभाग से संबंधित विकास कार्यों की समीक्षा की

देहरादून। शहरी विकास मंत्री डॉ. प्रेम चन्द अग्रवाल ने आज विधान सभा स्थित सभागार कक्ष में ऋषिकेश विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत जल जीवन मिशन एवं लोक निर्माण विभाग से संबंधित विकास कार्यों की अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थित में समीक्षा की। मंत्री ने कहा कि ऋषिकेश विधानसभा के अन्तर्गत पेयजल से सम्बन्धित अनेक विकासात्मक कार्य किये जा रहे हैं जिनमें से कुछ कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा शेष कार्य आज की समीक्षा बैठक में तय की गयी समय सीमा में पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश विधानसभा के अन्तर्गत कई जगहों पर शेष पेयजल लाईन का बिछाया जाना तथा पेयजल लाईनों के बिछाये जाने के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के पैंच कार्य को ससमय पूर्ण कर लिया जायेगा। मंत्री ने कहा कि ऋषिकेश विधानसभा के अन्तर्गत सभी क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति सुचारू रहे तथा पेयजल की आपूर्ति में हो रही अन्य परेशानियों को विभागीय अधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर निष्तारित करें।

शहरी विकास मंत्री ने कहा कि ऋषिकेश विधानसभा के अन्तर्गत कुछ स्थानों जैसे गुमानीवाला, भट्टोवाला तथा गढ़ी क्षेत्र में जमीन को लेकर वन विभाग से संबंधित आपत्तियों का निष्तारण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश विधानसभा के अन्तर्गत तेजी से कार्य निष्पादन हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। मंत्री ने कहा कि ऋषिकेश विधानसभा के अन्तर्गत सभी परिवारों को शुद्ध पेयजल प्राप्त हो सके तथा सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर जनता को मिल सके इसके लिए हमारी सरकार दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि जल्द ही विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आज की बैठक में दिये गये निर्देशों की समीक्षा की जायेगी। मंत्री ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि जनता को किसी भी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश विधान सभा जल निगम, जल जीवन मिशन तथा अन्य पेयजल कार्यों की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए जिससे पानी की बरबादी, जल-भराव तथा अन्य समस्याओं से जनता को निजात मिल सके।

# नैनीताल के कालाढूंगी के तहत पनचक्की चौराहे से कमलुवागांजा तक 8.2 कि0मी0 लम्बी नहर कवरिंग के निर्माण कार्य को स्वीकृति

देहरादून । मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने नैनीताल के कालाढूंगी के तहत पनचक्की चौराहे से कमलुवागांजा तक 8.2 कि0मी0 लम्बी नहर कवरिंग के निर्माण कार्य के प्रस्ताव को सचिवालय में आयोजित व्यय वित्त समिति की बैठक में अनुमोदन दिया। इस नहर के कवरिंग व सुदृढ़ीकरण से मार्ग की चौड़ाई बढ़ने से चौफला, कठघरिया, कमलुवागांजा, घुनी, भगवानपुर एवं रामणी की आबादी लाभान्वित होगी। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इस योजना को निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखते हुए समयबद्धता से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। योजना के निर्माण की अवधि 12 माह प्रस्तावित की गयी है। योजना की लागत 1245.64 लाख रूपये है। मुख्य सचिव ने योजना के निर्माण के दौरान ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज व पौधारोपण पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।

सीएस रतूड़ी ने कहा कि कॉलटैक्स-पनचक्की से लेकर चौफुला-कठघरिया तक नहर कवरिंग एवं मार्ग का चौड़ीकरण करने से यह मार्ग एक 2 लेन बाईपास के रूप में कार्य करेगा। जिसके फलस्वरूप नैनीताल से दिल्ली/देहरादून वाया बाजपुर/रामनगर, कॉर्बेट नेशनल पार्क को आने जाने वाले यात्रियों के लिए यह उपयोगी सिद्ध होगा। इससे हल्द्वानी शहर के यातायात घनत्व को कम किया जा सकता है।

बैठक में सचिव पंकज कुमार पाण्डेय, अपर सचिव डा0 अहमद इकबाल, विनीत कुमार सहित लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।